### खबर संक्षेप

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक 11 को

**कटनी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा शनिवार 11 मई को तीन बजे से की जाएगी। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र, समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और जिला पंचायत के योजना प्रभारी अधिकारियों को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन वांछित जानकारियों के साथ पीपीटी तैयार करते हुए निर्धारित समय एवं स्थान पर बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, वाटरशेड, पंचायती राज, मनरेगा, जिला शिक्षा केंद्र और जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं और गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने जनपद पंचायतों के सहायक यंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी,सहायक लेखा अधिकारी मनरेगा और उपयंत्रियों को समीक्षा बैठक में अद्यतन प्रगति की जानकारियों के साथ उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

## कक्षा-5 और 8 की पुन; परीक्षा 3 जून से होगी प्रारंभ

**कटनी।** स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा सत्र 2023-24 के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर को राज्य शिक्षा केन्द्र ने पत्र लिखा है। कक्षा-5 और 8 की पुनरू परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी, जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाये। इन कक्षाओं के पुनरू परीक्षा केन्द्र जन शिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किये जायें। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केंद्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा। निर्देशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्र तक परीक्षार्थियों को पहुँचाने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख और शिक्षकों का होगा। परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राज्य शिक्षा केन्द्र के जिला समन्वयक से भी प्राप्त की जा सकती है।

## बैठक का आयोजन आज

**कटनी।** माई नदी को पुनर्जीवन प्रदान करने के जन अभियान को व्यापक रूप प्रदाय करने के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में आयुक्त नगर निगम विनोद कुमार शुक्ल द्वारा आज बैठक आयोजित कर माई नदी पुनर्जीवन कार्य में चर्चा करते हुए विभिन्न सामाजिक एवं अन्य संगठनों की सहभागिता एवम श्रमदान बढ़ाए जाने के लिए विस्तृत चर्चा हेतु आज 8 मई बुधवार को बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में पहुंचने की अपील की गई है।

## महिला की मौत

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के गुबरा धरी गांव की एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि निशा गौड़ पत्नी संजय गौड़ (22) निवासी गुबराधरी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार निशा का विवाह 22 जून 2023 को हुआ था। उसका मायका पुरैना शाहनगर जिला पन्ना है। महिला के भाई मंगल सिंह ने आरोप लगाया कि बहन गर्भवती थी। इसके बाद भी ससुराल वालों ने उसकी सेहत पर ध्यान नहीं दिया और अंतिम समय इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल लेकर आए। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। अस्पताल की तहरीर पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पोस्टमार्टक कराकर मर्गकायम करते हुए जांच शुरू की।

### शराब के अवैध मामले में गिरफ्तार कर भेजा गया था जेल, मारपीट के आरोप

# जेल में बंद एक युवक की संदिग्ध मौत पर जमकर हंगामा, किया गया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला जेल में निरूद्ध एक हवालाती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने पर परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने थाना के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी रंगनाथ नगर पुलिस और जेल प्रबंधन पर कार्रवाई की कर रहे मांग कर रहे थे। मौके पर कई थानों के बल सहित सीएसपी ख्याति मिश्रा भी मौजूद रहीं।



### तीन दिन पहले पकड़ा था

बताया जाता है कि 4 मई की दरम्यानी रात को भारत चौक झर्रा टिकुरिया निवासी 38 वर्षीय राकेश उर्फ रक्कू पिता मंगी लाल भारती को 350 पाव अवैध देशी शराब सहित पकड़ा गया था जिसके बाद उसे न्यायालय के आदेश पर जिला जेल में दाखिल कराया गया था। जिला जेल के बैरक नंबर एक में उसे रखा गया था। बताया जाता है कि मंगलवार 7 मई को तड़के जेल के कर्मचारी रक्कू को अचेत अवस्था में लेकर शासकीय जिला अस्पताल पहुंचे थे जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

रक्कू की मौत को लेकर परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुलाकात करने गए परिवार के सदस्यों से रक्कू ने जेल के अंदर मारपीट किए जाने की बात बताई थी। वह पूरी तरह से स्वस्थ था जेल के अंदर ही उसके साथ कुछ ऐसी घटना हुई है जिसके कारण उसकी मौत हो गई उन्होंने जेल के अंदर रखो को यातनाएं दिए जाने का आरोप लगाते हुए मौत के वास्तविक कर्म का पता लगाने के लिए जांच कराने की मांग की है। शव परीक्षण के उपरांत परिजनों ने मृतक के पार्थिव शरीर को इसके घर के समीप सड़क पर रख कर नारेबाजी करते हुए जांच की मांग की।

### भाई ने पुलिस पर लगाये आरोप

मृतक के भाई मन्नू भारती का कहना है कि उसके भाई के खिलाफ क्षेत्र के ठेकेदार के कहने पर पुलिस ने झूठा मामला बनाया था और उसे जेल भेज दिया गया। सोमवार को स्वजन मुलाकात करने गए थे, तभी वह ठीक से खड़ा नहीं हो पा रहा था। उनका कहना है कि भाई के शरीर में चोट के निशान हैं और उनको शंका है कि जेल में उसके साथ मारपीट हुई है जिसमें उसकी मौत हो गई।

वहीं जेल प्रबंधन का कहना है कि रक्कु के साथ मारपीट होने जैसी कोई घटना अभी तक संज्ञान में नहीं आई है। प्रारंभिक तौर पर ड्यूटी में तैनात लोगों से जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक रात लगभग 2 बजे रक्कू ने अपने बैरक के अंदर पानी पिया था। पानी पीने के बाद उसका शरीर शिथिल पड़ गया। जब उसकी ज्यादा तबियत बिगड़ गई तब उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विचाराधीन कैदी रक्कू की मौत मारपीट के कारण हुई या फिर स्वास्थ्य कारण से इसका खुलासा शव परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मृतक का शव परीक्षण कराते हुए अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

जेल प्रबंधन द्वारा कैदी की मौत के मामले को लेकर न्यायिक जांच कराने के लिए पत्र लिखा गया है।



# तीन लाख नकदी सहित लाखों के जेवरात किये पार

### माधवनगर थाना क्षेत्र के समदड़िया कालोनी में हुई चोरी की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधव नगर थाना क्षेत्र में सक्रिय बदमाश आये दिन किसी न किसी वारदात को अंजाम दे रहे हैं। बढ़ती अपराधिक गतिविधियों से नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है। बदमाशों ने समदडिया कॉलोनी निवासी रिटायर्ड आयुध निर्माणी कर्मचारी के सुने मकान का ताला तोड़कर नगदी सहित सोने चांदी के जेवर कुल मिलाकर 10 लाख के समान पर हाथ साफ कर दिया है।

घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर जा पहुंची और मौके की जांच करते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक माधव नगर समदरिया कॉलोनी निवासी सुनील आहूजा गत रात्रि अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए जबलपुर गए हुए थे। आज 7 मई की दोपहर जब वे घर वापस लौटे तो घर का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए।

सुनील आहूजा के मुताबिक चोरों ने ताला तोड़कर लगभग ढाई से 3। लाख नगद एवं 7 से 8 तोला सोना कुल मिलाकर लगभग 10 लख रुपए का सामान चोरी कर लिया है। चोरी की सूचना मिलने के बाद माधव नगर पुलिस घटनास्थल पर जा पहुंची है डॉग स्क्वाड के साथ घटनास्थल का निरीक्षण भी किया गया।

### महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# यौन उत्पीड़न के मामले में कार्यवाही करने महिला कांग्रेस ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा के नेतृत्व में तहसील कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम कर्नाटक सांसद एवं यौन उत्पीड़न के आरोपी के खिलाफ sdm को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी की मातृशक्तियो एवम वरिष्ठ कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति से ये आग्रह किया है कि कर्नाटक से जनता दल सेक्युलर के सांसद और वर्तमान में nda से गठबंधन में सांसद प्रत्याशी प्रज्ज्वल रेवन्ना जो कि विभिन्न उम्र की महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न का दोषी है, और जिसने इन महिलाओं के साथ दुराचार की सीडी भी बनाई जिनके



वायरल होने से हजारों महिलाओं के घर उजड़ गए ऐसे दुर्जन और निम्न मानसिकता वाले व्यक्ति को तत्काल पकड़कर दंडात्मक कार्यवाही की जाए और उसके विभिन्न राजनीतिक पदों से स्तीफा लिया जाए।

महिला जिलाध्यक्ष रजनी वर्मा ने कहा कि प्रज्ज्वल रेवन्ना जैसे व्यक्ति जो महिलाओं के प्रति इतनी घृणित और गिरी मानसिकता रखते है वो आज केंद्र में बैठकर सरकार चला रहे है और प्रधानमंत्री जो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दे रहे है ऐसे घृणित लोगो का चुनाव में प्रचार कर रहे है, भाजपा के राज में आज महिलाए पूर्णतया असुरक्षित है और उन्हें न्याय दिलाने वाली सरकार स्वयं ही आरोपियों के साथ खड़ी है, उच्च राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण ही प्रज्ज्वल रेवन्ना भारत छोड़कर बाहर भाग पाया है जैसे कि पहले भी कई भगोड़े देश का पैसा खाकर भागे है , सम्पूर्ण विपक्ष, सरकार के इस दोहरे रवैये और इस तरह से घृणित आरोपियों को संरक्षण देने का विरोध करती है

देश भर में सम्पूर्ण महिला कांग्रेस एवं मातृशक्तिया उन पीड़ति महिलाओं को न्याय दिलाने उनके साथ खड़ी है और अगर जल्दी ही पीड़ितों को न्याय नही दिलाया गया और प्रज्ज्वल रेवन्ना को उसके अपराध की सजा नही दी गई तो देश भर की महिलाएं मिलकर पीड़ितों को न्याय दिलाने सड़क पर उतरेंगी।

### खेत में बनी बाड़ी पर लगी आग, मशक्कत से बुझाया



पन्ना मोड़ के समीप एक खेत में अचानक आग लग गई। आग की लपटों को बढ़ता देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना दमकल कर्मियों को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंच दमकल कर्मियों ने आग को बुझाने प्रयास शुरू किया। कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि आग से किसी तरह के भारी नुकसान की जानकारी नहीं मिल पाई। बताया जाता है कि जिस स्थान में आग लगी थी वहां तक फायर वाहन नहीं पहुंच पाया जिसके बाद बाल्टियों में पानी भरकर आग को बुझाने का प्रयास लोगों की मदद से किया गया।

# टीडीएस एवं टीसीएस संबंधित सेमिनार 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आयकर अधिनियम, 1961 के टी.डी.एस प्रावधानों के तहत टीडीएस और टीसीएस की कटौती, संग्रह में विफलता, कम कटौती के अलावा विवरण प्रस्तुत न करने अथवा देर से दाखिल करनें से कटौतीकर्ता (नियोक्ता, भुगतानकर्ता, डीडीओ) टीडीएस डिफाल्ट का दोषी बन जाने के कारण आयकर विलंब शुल्क, जुर्माने का भुगतान करने के लिये उत्तरदायी होने से अभियोजन की कार्यवाही शुरू होने की संभावना होती है। इन परिस्थितियों से बचने के लिए कार्यालय प्रधान आयकर आयुक्त, आयकर भवन, नेपियर टाउन, जबलपुर में ग टीडीएस और टीसीएस संबंधित सेमिनार का आयोजन 13 मई को किया जा रहा है।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखो को आयकर विभाग संबंधित कटौती कर्ताओं संग्रहकों से उनके मुद्दों के संबंध में सीधी बात करना चाहता है को संबंधित विभाग के आहरण एवं संवितरण अधिकारी व कटौतीकर्ताओं को अपने कर्मचारियों के साथ इस बैठक में भाग लेने हेतु 13 मई को प्रातः 11 बजे कार्यालय प्रधान आयकर आयुक्त, आयकर भवन, नेपियर टाउन, जबलपुर में उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

टी.डी.एस प्रावधानों के तहत नियोक्ता, भुगतानकर्ता को भुगतान के समय या खाते में संचय के समय, सामान्य कर स्लैब दर पर या आयकर के अध्याय में प्रदान की गई विशिष्ट दरों पर आयकर काटने संग्रह करने की आवश्यकता होती है।

इस सेमिनार का उद्देश्य आयकर अधिनियम 1961 के टीडीएस प्रावधानों के बारे में जानकारी प्रदान कर टीडीएस रिटर्न समय पर दाखिल करने के बारे में शिक्षित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त सेमीनार में कम भुगतान, कटौती तथा देर से भुगतान पर लगाने वाले ब्याज आदि के बारे में जागरूक करने, मांग को कम करने , बिना उपयोग किये गये चालान की टैगिंग, टीडीएस मिसमैच हानें के दौरान मांग को कम करनें तथा गलत रिटर्न दाखिल करने से हुई शिकायत का समाधान करानें के अलावा फॉर्म 24 क्यू, 26 क्यू, 27 ईक्यू और फार्म 16, 16ए तथा 27 डी में नवीनतम संशोधन के बारे में चर्चा की जायेगी।

### किसानों के खातों में 42 करोड़ रूपए का किया गया भुगतान

# जिले में अब तक 10576 किसानों से 64 हजार 872 मैटिक टन गेहूं उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में रबी उपार्जन वर्ष 2024- 25 के अंतर्गत स्थापित कुल 85 गेहूं खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 44 हजार 290 पंजीकृत किसानों में से अब तक 10 हजार 576 पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य 2400 रुपये मूल्य पर पर 64872 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। इस प्रकार कुल खरीदी का 27 प्रतिशत 42 करोड़ रुपये का भुगतान भी कृषकों को उनके खाते में किया जा चुका है। जिले में अब तक 17564 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है।?



जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि उपार्जन कार्य के दौरान गोदाम स्तरीय 32 उपार्जन केन्द्रों से 24784 मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जाकर 21496 मैट्रिक टन 86.73 प्रतिशत गेंहू का परिवहन भी किया जा चुका है। जबकि समिति स्तरीय 53 उपार्जन केन्द्रों में 40088 मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जाकर 32660 मैट्रिक टन 83.15 प्रतिशत गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। इस प्रकार कुल 7428 मैट्रिक टन परिवहन होना ही शेष है। इसके साथ ही 46338 कृषकों को स्वीकृति पत्रक भी जारी किये जा चुके है। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर राजस्व, खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा निरन्तर भ्रमण कर खरीदी केन्द्रों में कार्य का जायजा लिया जा रहा है।

### ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के पोड़ी खिरवा का मामला, हत्या का लगाया आरोप

# महिला की मौत पर बवाल, लोगों ने चकाजाम कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

थाना क्षेत्र ढीमरखेड़ा से सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस मामले में मृतिका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या के आरोप लगाए हैं। फिलहाल, पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ी खिरवा की है। जहां संध्या पटैल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां ससुराल पक्ष के लोगों ने जमकर हंगामा किया। मायके पक्ष का आरोप है कि ससुराल वालों ने संध्या के साथ मारपीट की है और उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया। मृतिका के पिता का कहना है कि घटना के पहले बेटी ने विवाद की सूचना फोन पर दी थी। पिता ने बेटी के शरीर पर चोट के निशान होने के भी आरोप लगाए हैं। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का खुलासा हो पाएगा। गौरतलब है कि छोटे बेटे ने नाना से बताया कि दादी ने मम्मी का गला दबाया था। स्मरण रहे कि पति सुबह से सनकुई ग्राम कुछ घरेलू आवश्यक कार्यों से गया हुआ था। उसी दौरान घटना को अंजाम दिया गया। घर में विवादित स्थितियां बहुत समय से चल रही थी जिसके चलते पुत्र बाहर जीवनयापन कर रहा था। सूत्रों ने बताया कि लड़की बहुत सहज स्वभाव की धनी थी लेकिन सास - ससुर हमेशा बहू को प्रताड़ित करते थे। लड़की के पिता ने आरोप लगाया कि इस घटना को साज़िश के तहत अंजाम दिया गया है जिस दिन से विवाह हुआ हैं उसी दिन से लड़की को प्रताड़ित किया जाता रहा हैं। अनेकों बार मायके वालों ने समझाया लेकिन मायको वालो की बात पर ससुराल वालों ने गौर नहीं किया। फिलहाल पुलिस ससुराल पक्ष से पूछताछ कर रही है।





### समझाइश के बाद माने लोग

बताया जाताहै कि जैसे ही मृतिका की लाश घर पहुंची तो आनन - फानन में परिजनों ने चक्का - जाम जैसी स्थितियों को अंजाम दिया। लिहाज़ा तत्काल पुलिस मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाया तब कहीं जाकर आवागमन सुचारू रूप से चालू हुआ।

# आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

हत्या के एक मामले में न्यायालय ने राजकुमार उर्फ छोटेलाल पिता सुकरू 61 निवासी ग्राम ललितपुर थाना रीठी को आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक केके तिवारी के द्वारा पैरवी की गई। मीडिया सेल प्रभारी सुरेन्द्र गर्ग ने बताया कि 22 अगस्त 2021 को रात 9 बजे के लगभग हल्लू भूमिया घर से बाहर घूमने निकला था। जब वह कण्डल सिंह पारधी के घर के सामने बबूल के पेड़ के पास रोड के किनारे खड़ा था, उसी दौरान आरोपी दीपचंद भूमिया ने उससे बैठकर शराब पीने कहा। हल्लू भूमिया के मना करने पर दीपचंद भूमिया ने कहा कि तुम हमसे बुराई रखते हो इसलिए साथ में शराब पीने से मना कर रहे हो। इतना कह कर दीपचंद घर के भीतर से लाठी लेकर निकल पड़ा और रामकुमार हाथ में लोहे की बरछी ले आया। वहां मौजूद दीपचंद, घीसल ने हल्लू से मारपीट शुरू कर दी। रामकुमार ने हल्लू के बाईं पसली में बरछी घोंप दी जिससे वह लहुलुहान होकर गिर पड़ा। घटना के समय मृतक का पुत्र शीतल भूमिया भी मौजूद था। शीतल भूमिया के चिल्लाने पर उसका भाई रंजीत, दाउ, मुन्ना, महेन्द्र, सुरेन्द्र गेंदाबाई, मीराबाई आ गये। सभी लोगों ने बीच बचाव किया। हल्लू भूमिया रोड पर गिर गया तो आरोपी मौके से भाग गये। गांव के लोग इकट्ठा हो गये। हल्लू भूमिया को 108 एम्बुलेंस से अस्पताल लेकर गये, जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। थाना रीठी में धारा 302 सहपठित धारा 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में विचारण के दौरान प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होते हुए चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी रामकुमार भूमिया को उपरोक्तानुसार दंडित करने का आदेश पारित किया।

## खबर संक्षेप



### चलती कार में अचानक लगी आग, बाल बाल बचे सवार

**कटनी।** बस स्टैंड के समीप गत देर शाम एक स्कॉर्पियो में अचानक आग लग गई। गाड़ी में आग लगने के कारण वाहन सवार सभी लोग उतरकर दूर जा खड़े हो गए। गाड़ी से आग की लपटें उठती देख स्थानीय दुकानदारों ने फायर सेफ्टी उपकरण की मदद से तत्काल आग पर काबू पा लिया और एक बड़ी घटना होने से बच गई। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 17 सीबी 7111 से कुछ लोग यात्रा कर रहे थे। गाड़ी जब बस स्टैंड क्षेत्र से गुजर रही थी। इसी दौरान गाड़ी से अचानक आग की लपटे उठने लगी। गाड़ी से आग की लपटें उठती देख कार सवार सभी लोग उतार कर दूर जा खड़े हुए। स्थानीय दुकानदारों ने फायर सेफ्टी उपकरण की मदद से तत्काल गाड़ी में लगी आग को बुझा दिया जिससे एक बड़ी घटना होने से बच गई। गाड़ी में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

### दो पक्षों में चाकूबाजी, एक का फूटा सिर

**कटनी।** दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बीच चाकू बाजी होने की घटना सामने आई है। मारपीट और चाकू बाजी में एक पक्ष के एक युवक का सर फूट गया, जबकि दूसरे पक्ष के एक युवक के सीने में चाकू लगी है। घटना बस स्टैंड चौकी के समीप स्थित राधिका होटल के सामने हुई। बस स्टैंड पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। जानकारी के मुताबिक बीती शाम लगभग 8 बजे बस स्टैंड के समीप स्थित राधिका होटल के सामने दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर जमकर विवाद हुआ। दोनों पक्षों के बीच मारपीट में कन्हवारा निवासी सचिन लोधी नमक युवक पर कैलवारा निवासी दीपक रजक ने चाकू से हमला कर दिया। बताया जाता है कि सचिन के सीने में चाकू लगी है। चाकू बाजी करने वाले दीपक रजक को भी मारपीट में सर में गहरी चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेते हुए प्राथमिक उपचार कराया। अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

### ट्रांसफार्मर में अचानक लगी आग, हुआ विस्फोट

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के बरगवां में एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग भड़क उठी। जिसके चलते अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर दमकल विभाग ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार बरगवां में मुख्य मार्ग पर लगे ट्रांसफार्मर में सोमवार की शाम को अचानक से पटाखा फूटने जैसी आवाज हुई और उसके बाद ट्रांसफार्मर की केबिल जलने लगी। थोड़ी ही देर में पूरा ट्रांसफार्मर धू-धूकर जलने लगा। इस बीच लोगों ने विद्युत विभाग व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। बिजली विभाग ने क्षेत्र की सप्लाई बंद कर दी। वहीं मौके पर पहुंचे नगर निगम के फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। जिसके बाद आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली।

### गुमशुदा बालक को चंद घंटे में पुलिस ने किया बरामद

**बरही।** खितौली पुलिस ने एक गुमशुदा बालक को चंद घंटों में ही दस्तयाब कर लिया। पुलिस ने बताया कि 6 मई की दोपहर करीबन 12 बजे अवधेश ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5 मई की सुबह करीबन 8 बजे से उसका 17 वर्षीय पुत्र घर से लापता है। चौकी प्रभारी खितौली उपनिरी० के०के पटेल अपने स्टाफ आरक्षक अंकित व आरक्षक आशीष पटेल के मौके पर पहुंचकर परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ कर गुमशुदा की तलाश ग्राम वासियों के साथ जंगल में किए, जो बालक जंगल में नदी किनारे बैठा मिला जिसने पूछताज पर बताया कि बताया कि कक्षा दसवीं में गणित व अंग्रेजी में सप्लीमेंट्री आ जाने के कारण पिताजी ने डांट दिया था जो गुस्से में आकर घर से भाग गया था जिसे दस्तयाब कर माता-पिता के सुपुर्द किया गया। बालक के माता-पिता ने पुलिस की सराहना की।

---

## जमुनहा तालाब में मगर होने की शिकायत पर वन विभाग ने बुलाया रेस्क्यू टीम

# मगरमच्छ को पकड़ने तालाब में लगाया पिंजरा, रात में भी टीम ने किया रेस्क्यू





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

उमरियापान के जमुनहा तालाब में मगरमच्छ होने से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है। यहाँ बीते दो महीने पहले से प्रतिदिन लोगों को मगरमच्छ दिखाई देता है। ग्रामीणों ने फोटो-वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। सोमवार को समाजसेवी विजय दुबे, जगन्नाथ मांझी, नमन चौरसिया, रामजी बर्मन ने वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय कुमार मिश्रा को शिकायत देकर जमुनहा तालाब से मगरमच्छ को पकड़ाकर अन्यंत्र स्थान पर छुड़वाने की मांग किया।

उन्होंने बताया कि तालाब में घुसकर बर्मन समाज के लोग सिंघाड़ा लगाकर काम करते है। वहीं चौरसिया समाज के लोग तालाब किनारे पान बरेजा बनाकर तालाब से पानी की सिंचाई करते है।तालाब पहुँचने वाले लोग परेशान है। मगरमच्छ के डर से किसान दहशत में है।जिससे कि वे काम नहीं कर पा रहे हैं।शिकायत प्राप्त होते ही वन विभाग ने रेस्क्यू टीम को बुलाया।

### सुबह से शाम तक रेस्क्यू

सोमवार रात जबलपुर से रेस्क्यू टीम उमरियापान पहुँची। मंगलवार करीब 9 बजे रेस्क्यू टीम जमुनहा तालाब पहुँच गई। इस दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई। रेस्क्यू टीम में शामिल वनरक्षक राम विनोद मांझी, भगवान राम गुप्ता,वन्य प्राणी प्रेमी धनंजय घोष और नमन चौरसिया ने मगरमच्छ पकड़ने की कारवाई किया। तालाब में पिंजड़ा लगाया।मगरमच्छ का चारा (कई मुर्गे) डाले।मौके से ग्रामीणों को अलग किया,ताकि इलाके में शोरगुल न हो। सुबह से शाम तक रेस्क्यू के दौरान मगरमच्छ पिंजरे तक नहीं पहुँच सका।वनरक्षक रामविनोद मांझी ने बताया कि मगरमच्छ पकड़ने की कार्रवाई जारी है। अभी तक कोई हलचल नहीं हुई। रात भी रेस्क्यू जारी रहेगा।

---



# जरूरतमंदों को 5 रूपए में मिल रहा भरपेट भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम द्वारा स्थाई रसोई व चलित रसोई के संचालन हेतु नियुक्त संस्था घनश्याम सेवा समिति दिल्ली द्वारा मार्च 2024 से आज दिनांक तक निरंतर 500 से 600 व्यक्तियों को 5 रुपए प्रति थाली अनुसार गुणवत्ता पूर्ण भोजन प्रदान किया जा रहा है। संस्था द्वारा रसोई केंद्र आश्रय स्थल के समीप बस स्टैंड परिसर कटनी एवम मुड़वारा जिला अस्पताल के पास कटनी में इन दो स्थाई रसोई केंद्रों के द्वारा जरूरतमंदों को भोजन प्रदान किया जा रहा है एवं संस्था द्वारा एक चलित रसोई का भी संचालन किया जा रहा है। चलित रसोई द्वारा बस स्टैंड से पन्ना मोड तक प्रतिदिन हितग्राहियों को भोजन प्रदान किया जाता है। स्थाई रसोई व चलित रसोई के संचालन का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है सभी जरूरतमंद इस योजना का लाभ ले सकते हैं। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने सभी जरूरतमंदों से निर्धारित समय पर पहुंचकर भोजन प्राप्त करने अपील की है । इसके अलावा बताया गया कि प्रतिदिन भोजन के मेनू में बदलाव किया जाता है भोजन को और बेहतर बनाने हेतु हितग्राहियों से सुझाव लिए जाते हैं सुझाव हेतु निरीक्षक व सुझाव पंजी रसोई में उपलब्ध कराई गई है।

### स्थायी के साथ चलित रसोई के माध्यम से दी जा रही सुविधा

---

## भारत तिब्बत सहयोग मंच के तत्वाधान में हुआ आयोजन

# जल संरक्षण की महत्ती आवश्यकता एवं कार्यक्रमों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



भारत तिब्बत सहयोग मंच जिला इकाई कटनी के तत्वावधान में स्थापना का रजत जयंती वर्ष समारोह चीन तिब्बत पर कब्जा छोड़े, चीनी सामान का बहिष्कार हो, कैलाश मानसरोवर भगवान शिव का धाम हम मुक्त करायेंगे आदि नारों के साथ प्रथम पूज्य श्री गणेश की स्तुति एवं हनुमान चालीसा के यशपालसिंह के सस्वर पाठ के साथ मध्यक्षेत्र संयोजक (म.प्र., छ.ग.) गिरिराज किशोर पोद्दार पूर्व विधायक कटनी के मुख्य आतिथ्य, जिले के जिलाध्यक्ष रामदयाल गुप्ता की अध्यक्षता, मुख्य वक्ता मुकेश चंदेरिया, महाकौशल प्रांत संयोजक महिला विभाग श्रीमती किरण पोद्दार, महाकौशल प्रांत समन्वयक श्रीकांत पोद्दार, दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ हुआ। महिला विभाग की श्रीमती रीता अग्रवाल ने भारत तिब्बत सहयोग मंच में महिलाओं की सहभागिता, श्रीमति किरण पोद्दार ने संगठन के वार्षिक कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। जिला मंत्री महिला विभाग श्रीमती वंदना मिश्रा ने स्वच्छता के महत्व पर, गौ सेविका सुश्री अमिता श्रीवास ने पर्यावरण एवं हिमालय की सुरक्षा के संदर्भ में बात करते हुए कहा कि मुझे चीनियों से ऐसी एलर्जी है कि मैं चाय में चीनी नहीं डालना चाहती, संसार में कोरोना फैलाने के लिए चीनियों को कीड़े पड़ने का श्राप भी नहीं दे सकती क्योंकि उनके नाश्ते की व्यवस्था हो जाने का डर है।

जिला उपाध्यक्ष महिला विभाग श्रीमती मंजुला अग्रवाल ने जल संरक्षण की महती आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। मध्यक्षेत्र संयोजक गिरिराज किशोर पोद्दार द्वारा संगठन के लक्ष्य,उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संकल्प करवाकर संगठन की विशेष जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम की रोचकता,गरिमा प्रवर्धित करने शिव स्तोत्र का गायन सुश्री छवि सोनी द्वारा एवं ताण्डव नृत्य सुश्री चेतना बरसैंया ने प्रस्तुत कर कार्यक्रम को ऊंचाई तक पहुंचाया। कार्यक्रम में उपस्थित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुब्बाराव आदि की उपस्थिति रही।

---

## सीवरेज कार्य की सुस्त प्रगति पर लगाई फटकार



शहर में विभिन्न स्थानों पर सीवरेज कार्य की धीमी गति एवम आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने आज दिनांक 7 मई को एक आवश्यक बैठक लेते हुए संबंधित कार्य एजेंसी के प्रतिनिधियों और सुपरवाइजरों को उनके द्वारा किए गए अब तक के कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए एवं आगे किए जाने वाले कार्य की कार्ययोजना पर चर्चा की तथा नवीन स्थलों पर कार्य करने के पहले जिन स्थलों पर पूर्व से सीवरेज से संबंधित शिकायतें लंबित हैं उनको तत्काल निराकृत करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त द्वारा संबंधित को उनके द्वारा किए जाने वाले प्रतिदिन रोड रेस्टोरेटिशन कार्य की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ ही कार्य में प्रगति लाने के सख्त निर्देश देते हुए सभी सड़कों के रेस्टोरेशन कार्य को 30 मई 2024 तक पूर्ण करने की समयावधि निर्धारित की है। सीवरेज कार्य की बढ़ती समस्याओं तथा शहर के नागरिकों को सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए श्री शुक्ल द्वारा सीवरेज कार्यों की शिकायत एवं उसके निराकरण हेतु संबंधित कंपनी को आगामी तीन दिन में एक सीवरेज हेल्पलाइन कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए एक दूरभाष नंबर जारी करने के भी निर्देश दिए हैं।

---

## दस्तावेजों की कमी पाये जाने पर वसूल किया गया जुर्माना

# मिशन चौक में संयुक्त टीम ने की ई रिक्शा चालकों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



यातायात व्यवस्था को सुदृढ बनाने तथा अराजकता पर काबू पाने पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देश पर यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे एवं एसडीएम प्रदीप मिश्रा द्वारा मंगलवार की रात संयुक्त रूप से ताबडतोड कार्यवाही की गयी। मिशनचौक के समीप चैकिंग अभियान में सैंकडो ई रिक्शा चालको को रोककर बार्डस्ले स्कूल में खडे कराये गये तथा दस्तावेजों की जांच की गयी कई ई रिक्शा चालको द्वारा ओव्हरलोड सवारी ढोई जा रही थी किसी के पास कागजातों की कमी रही।पुलिस ने दस्तावेजों नहीं पाये जाने पर जुर्माना ठोंका और यातायात नियमों की हिदायत दी।

### मिल रही थीं शिकायतें

गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के आदेश पर आटो चालकों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।।जिसमें इलेक्ट्रिक ऑटो एवं पेट्रोल ऑटो के दस्तावेजों की जांच के लिये सघन चैंकिग की जा रही है। जांच में दस्तावेजों की कमी पाये जाने पर जुर्माना की कार्यवाही कर रसीद थमायी गयी। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि वाहन चालको के खिलाफ मिल रही शिकायत पर अभियान चलाया जा रहा है अब बिना लायसेंस और कागजात के वाहन सडक पर फर्राटे नहीं मार पायेगे।

---

## राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश

# कलेक्टर के निर्देश पर चलाया अभियान पहले दिन 75 प्रकरणों का हुआ निबटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा राजस्व अधिकारियों की बैठक में उनके कार्य क्षेत्र में लंबित सीमांकन प्रकरणों का अभियान चलाकर निपटारा करने के दिए निर्देश के बाद पहले ही दिन 75 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण हो चुका है ।इस मामले में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को अभी और तेजी लाने के निर्देश दिये हैं।

### प्रभावी कार्यवाही करने निर्देश

राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर श्री प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वर्तमान में गेहूं की फसल काटी जा चुकी है तथा जिले के फसल पैटर्न के अनुसार जून माह तक खेतों के खाली रहने की ही संभावना है। यह स्थिति सीमांकन करने के लिए आदर्श और बेहतर स्थिति है। इसलिए सभी राजस्व अधिकारी इस सहज और अनुकूल स्थिति में लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की दिशा में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करें। ताकि सीमांकन के सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण हो सके।

### तहसीलवार निबटाये गए प्रकरण

तहसीलवार सोमवार को निराकृत सीमांकन प्रकरणों में सर्वाधिक 13 सीमांकन प्रकरण ढीमरखेड़ा तहसील में निराकृत किये गये। जबकि बडवारा तहसील में 12 और बरही में 11 , रीठी में 9, विजयराघवगढ़ में 8 एवं कटनी में 7 तथा बहोरीबंद, स्लीमनाबाद और कटनी नगर तहसील में 5-5 सीमांकन प्रकरण निपटाये गये हैं।कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को बैठक में निर्देशित किया है कि किसी भी स्थिति में राजस्व प्रकरणों के निराकरण का काम बाधित नहीं होना चाहिए।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों को आगाह किया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भी नामांतरण , सीमांकन, बँटवारे और अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण पूरी दक्षता और ऊर्जा से करने का कार्य सतत रूप से जारी रखा जाना चाहिए। यह एक सतत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। सभी राजस्व अधिकारी आदर्श आचरण संहिता के दौरान भी राजस्व प्रकरणों के निराकरण सहित विभागीय सामान्य कामकाज के निपटारे पर विशेष ध्यान दें।

---

## रीवा में मिलिंग कराये जाने पर राइस मिल संघ ने जताई थी आपत्ति

# कटनी में ही कराई जाएगी उपार्जित धान की मिलिंग, मार्ग प्रशस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कटनी में उपार्जित धान की मिलिंग रीवा में कराये जाने के प्रस्ताव पर राइस मिल संघ द्वारा जताई गई आपत्ति पर त्वरित संज्ञान लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कटनी जिले में उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग कटनी में ही कराए जाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। गौरतलब है कि नान के एमडी ने कटनी में उपार्जित धान की मिलिंग रीवा के मिलर से कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया था। श्री शर्मा के हस्तक्षेप से कटनी के राइस मिल उद्योग को आर्थिक क्षति पड़ने एवं स्थानीय श्रमिकों को बेरोजगारी का कु-प्रभाव पड़ने से सुरक्षा मिली है। जिसके लिए राइस मिल एसोसिएशन ने प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है। बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष तक स्थानीय मिल उद्योग की कठिनाइयां भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन ने तत्काल पहुंचाई और तुरंत कार्यवाही करने का आग्रह किया था, जिसके फल स्वरुप कटनी राइस मिल उद्योग को राहत मिल सकी।

उल्लेखनीय है कि कटनी में 70 राइस मिल कस्टम मिलिंग करती हैं और जिले में जितनी धान उपार्जित होती है उसकी मिलिंग से अधिक धान की मिलिंग करने की क्षमता कटनी के मिल उद्योग के पास है फिर भी अनीतिगत प्रस्ताव बनाकर रीवा जिले को कटनी में उपार्जित धान की मिलिंग करने का अवसर नॉन एम डी भोपाल ऑफिस से बनाया गया था।

दूसरे जिले में मिलिंग कराए जाने के प्रस्ताव पर राइस मिल संघ ने आपत्ति जताई और उनका एक प्रतिनिधिमंडल संघ के अध्यक्ष दीपक असरानी कार्यकारी अध्यक्ष राजेश जानवानी महासचिव लख्मी चंद डोडानी ईश्वर रोहरा विक्की बुलानी वह महेश मेंहानी व अन्य सदस्य गणो सहित भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी से तुरंत मिला और उन्हें प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को सम्बोधित मांग पत्र सौंपा।

श्री टंडन ने दूरभाष पर श्री शर्मा को वस्तु स्थिति बताते हुए दूसरे जिले में मिलिंग कराने के दूषित प्रस्ताव को रद्द कर कटनी में उपार्जित धान की मिलिंग कटनी में करने का प्रस्ताव पास कराने का आग्रह किया। श्री शर्मा ने तत्काल एम डी नान को शासकीय नीति के अनुसार कटनी की धान की मिलिंग कटनी में करने के निर्देश जारी करने के लिए कहा गया जिस पर कार्यवाही कर दी गई।

राइस मिल संघ ने कलेक्टर आवि प्रसाद से भी मुलाकात कर उक्त आशय का ज्ञापन सौंपा। उन्होंने भी इस पर शासकीय पी एस फुड नीति के अनुसार कार्यवाही अनुशंसित करने का आश्वासन संघ को दिया है। संघ के अध्यक्ष दीपक असरानी ने बताया कि पिछले साल ही जिले के मिलर्स ने ऋण लेकर अपनी इकाइयों को अपग्रेड कराया है। इस तरह कटनी की मिलिंग क्षमता पहले से ज्यादा बढ़ी है। यदि धान की कस्टम मिलिंग उनसे नहीं कराई गई दूसरे जिले से कराई जाती है तो जिले के मिलर्स को आर्थिक क्षति होगी। जिले की धान की मिलिंग जिले में कराने से कटनी जिले के मजदूर वर्ग के रोजगार के हित भी सुरक्षित हुए हैं।

---



# विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने संभाला पदभार, किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

मप्र शिक्षक संघ जिला शाखा एवं ब्लॉक/तहसील बड़वारा अध्यक्ष वीरेन्द्र गौतम एवं सचिव प्रकाश सोनी ने बताया कि बड़वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ बड़वारा में नवागत विकासखंड शिक्षा अधिकारी जतिन लहोरिया का मप्र शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी ने पुष्प कुछ भेंट कर अभिनंदन किया गया। शिक्षा हितैषी कार्यों में उनके सहयोग की अपेक्षा की तथा छात्र हितैषी कार्यों के लिए शिक्षक संघ के सतत सन्नध रहने की बात कही।

इस अवसर पर एस के सोलंकी ,गणेश शंकर गर्ग, प्रमोद मिश्रा, राम किशोर शर्मा,प्रदीप तिवारी , प्रकाश सोनी, शत्रुघ्न पांडे ,विजेंद्र बसक एवं भूतपूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी आर भगत ,विकास खंड समन्वयक मनोज गुप्ता ,संकुल प्राचार्य जेएल बुनकर की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### सायबर पुलिस द्वारा एडवायजरी जारी

**पन्ना।** राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय द्वारा अपराधों की रोकथाम व जागरूकता के लिए समय-समय पर एडवायजरी जारी की जाती है। इस संबंध में इंवेस्टीगेशन एजेंसियों के नाम पर डिजिटल अरेस्ट कर ठगी के संबंध में जारी एडवायजरी के माध्यम से बताया गया है कि पिछले कुछ समय से एक विशेष प्रकार के सायबर अपराधों की शिकायत देखने में आ रही है, जिसमें आम नागरिकों को किसी इंवेस्टीगेशन एजेंसी या संस्था के वरिष्ठ अधिकारी के नाम से कॉल एवं व्हाट्सएप कॉल करके बड़े पैमाने पर ठगी की जा रही है। आम नागरिकों को सूचित किया गया है कि अनजान नंबर खासकर जो प्लस 92 से शुरू होते हैं, से आने वाले कॉल, व्हाट्सएप कॉल, वीडियो कॉल, टेलीग्राम कॉल न उठाएं। भारतीय कानून में डिजिटल अरेस्ट का कोई नियम नहीं है। इसलिए किसी के कहने पर अथवा डर से स्वयं को कहीं बंद न करने तथा अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाते संबंधी या आधार इत्यादि को किसी के साथ साझा न करने की सलाह दी गई है। इसके अतिरिक्त अवगत कराया गया है कि कोई भी संस्था निजी पैसा किसी भी शासकीय खाते में जमा करने या सुरक्षित करने की सलाह नहीं देती। इसलिए कभी भी अपना पैसा किसी अनजान खाते में ट्रांसफर न करें। सायबर अपराध घटित होने पर नजदीकी पुलिस थाने अथवा वेबसाइट सायबर क्राइम डॉट जीओव्ही डॉट इन या सायबर क्राइम हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल किया जा सकता है।

### प्रत्येक खरीदी केन्द्र पर शीतल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में जिले के 53 उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं खरीदी का कार्य संचालित किया जा रहा है। कृषक आगामी 20 मई तक केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं का विक्रय कर सकेंगे। सभी उपार्जन केन्द्रों पर पूर्व में किसानों की सुविधा के दृष्टिगत आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए थे। कलेक्टर सुरेश कुमार ने इस संबंध में पुनः संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वर्तमान ग्रीष्मकाल में तापमान में बढ़ोत्तरी के मद्देनजर उपार्जन केन्द्रों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक खरीदी केन्द्रों पर बेहतर छाया की व्यवस्था सहित शीतल पेयजल की सुलभ उपलब्धता भी सुनिश्चित कराई जाए।

## ग्रामीण क्षेत्रों में गहराता जा रहा पेयजल संकट

# महीनों से बंद पड़े हैंड पंप, नल जल योजना भी चल रही भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद





प्रधानमंत्री मोदी जी भले ही मंच के माध्यम से देश के हर घर में पानी पहुंचाने की बात कह रहे हैं, लेकिन वास्तविक स्थिति कुछ और ही है केंद्र सरकार द्वारा संचालित हर घर नल जल योजना के तहत पानी पहुंचाने के दावे तो बड़े-बड़े किए जा रहे हैं लेकिन यह दावे उस समय खोखले साबित हो जाते है जब ग्रामीण क्षेत्र कि घर-घर नल जल योजना सप्ताह सप्ताह तक बंद पड़ी रहती है। ऐसा ही एक नजारा ग्राम गैसाबाद क्षेत्र में देखा जा सकता है ग्रामीणों ने बताया कि हमारे यहां तो यह नल जल योजना हफ्ता हफ्ता तक बंद रहती है कोई सुनने वाला नहीं है। ग्राम के हेड पंप भी खराब पड़े हुए हैं जिससे लोगों को इस भीषण गर्मी में भी पीने के पानी की व्यवस्था करने को दर-दर भटकना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम में कहने को तो तीस चालीस हेडपंप लगे हुए हैं लेकिन चालू हालत में एक दो ही है बाकी के खराब पड़े हुए है। खराब पड़े हेडपंपों का सुधार कराए जाने की फुर्सत किसी को नहीं है। ग्राम के मुस्लिम वार्ड, आदिवासी वार्ड, हरिजन वार्ड आदि जगहों के हेड पंप खराब होने से लोगों को पीने के पानी की असुविधा हो रही है। ग्राम के मकबूल खान ने बताया कि हमारे वार्ड का हेडपंप खराब होने से हम लोगों को भारी सुविधा हो रही है इसी तरह ओमकार आदिवासी हरिदास आदि ने बताया कि हमारे आदिवासी मोहल्ला के तीनों हेड पंप खराब पड़े हुए हैं जिससे हम लोगों को पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। ग्राम की श्री पिपरासन माता मंदिर के पास लगा हुआ हैंडपंप जंग लगा दूषित पानी निकाल रहा है जिससे लोगों को असुविधा हो रही है लोगों ने बताया कि हेडपंप से गंदा पानी निकलता है। जिससे हम लोग मातारानी को जल अर्पित भी नहीं कर पाते हैं, और ना ही यह पानी पीने के उपयोग लायक है इस दूषित पानी का सेवन करने से बीमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है। ग्रामीण जन बताते हैं कि ग्राम के श्रीराम मंदिर के पास वाले हेडपंप, हरदौलबाबा वाले हेडपंप मे पंचायत द्वारा आम लोगों की सुविधा के लिए मोटर डाली गई थी ताकि लोग पीने के लिए पानी भर सके लेकिन कुछ लोगों द्वारा यहां पर अपनी गाड़ी आदि धोने से पानी का दुरुपयोग भी किया जाता है। इसी तरह पंचायत चुनाव के दौरान जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने वाले सकोर निवासी जमुना आठिया द्वारा बस स्टैंड के हेडपंप में मोटर डलवाई गई थी। जिससे लोगों को पीने के पानी की एवं बस स्टैंड के दुकानदारों को पानी की सुविधा प्राप्त हुई थी। ग्रामीण जनों ने ग्राम के बंद पड़े हेडपंपो का सुधार किए जाने की मांग की है अब देखना यह है कि पानी जैसी मूलभूत समस्या पर शासन प्रशासन कब और कितना ध्यान देती है, इस पूरे मामले पर जब पीएचई विभाग एसडीओ से चर्चा करनी चाही तो संपर्क नहीं हो सका।

# अक्षय तृतीया पर रचाई जाएगी गुड्डे गुड़ियों की शादी



**हटा।** अक्षय तृतीया पर गुड्डे गुड़ियों की शादी के लिए हटा नगर में बाजार सज चुके है। इस दिन घरों में छोटी बच्ची पारंपरिक विधि विधान से गड्डी गुड़ियों की शादी रचाएंगी। इस बार अक्षय तृतीया यानी अक्ती के दिन शादियों का मुहूर्त नहीं है। बुंदेलखंड में अक्षय तृतीया को अक्ती के नाम से भी जाना जाता है अक्ती के दिन बुंदेलखंड क्षेत्र में गुड्डा गुड़ियों की शादी कराई जाती है जिसको लेकर हटा नगर में जगह-जगह मिट्टी के गुड्डे गुड़ियां, दूल्हा दुल्हन बिकने के लिए आ गए हैं, लोग तरह-तरह की रंग बिरंगे गुड्डे गुड़ियां बाजार से खरीद कर ले जा रहे है। वही शादी के बंधन से अनजान बच्चे पूरी रीती रिवाज के साथ मिट्टी के बने गुड्डे गुड़ियों का पारंपरिक ब्याह रचाएंगे। लेकिन अभी तक वैसा उत्साह नहीं दिख रहा है जैसा उत्साह पहले होता था। दुकानदार का कहना है कि महंगाई की मार ने हर तीज त्योहारों को फीका कर दिया है फिर भी आशा है कि लोग बाहर निकलेंगे और व्यापार अच्छा होगा। आजकल वैसे भी बच्चे मिट्टी के खिलौने से दूर हो गए हैं, मोबाइल की दुनिया में व्यस्त हैं। तीज-त्योहार संस्कृति ही हमारी पहचान है। ऐसे में घर के बड़ों को चाहिए कि वे इस और ध्यान दें। अपनी आने वाली पीढ़ी को अच्छा संदेश दें और उन्हें बताएं अपने तीज त्योहारों के बारे में अवगत कराएं।

## बनवार कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**बनवार।** अहंकार विनाश का कारण है भागवत कथा मनुष्य को अहंकार रहित जीवन जीने की कला सिखाती है। ऐसे में सभी को इसे रुचि के साथ सुनकर समझने व अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। बनवार ग्राम श्रीमद्भगवत कथा के शुभारंभ अवसर कथावाचक पंडित ऋषिकांत गर्ग ने कही कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भक्ति संगीत की धुनों पर भक्ति उत्साह नाचते गातेधर्म लाभ अर्जित किया। ग्राम में भ्रमण के करते हुए कथा स्थल पहुंची जहां पर मंत्रोच्चारण के बीच कलशों की स्थापना के साथ भागवत महापुराण की बैठकी संपन्न हुई। कथा के पहले दिन कथा वाचक बाल व्यास पं.ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। भागवत कथा जहां भी होती है वहां के संपूर्ण क्षेत्र से नकारात्मक माहौल का नाश होता सकारात्मक ऊर्जा सशक्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। इस दौरान उन्होंने कई धार्मिक प्रसंग सुनाए। जिन्हें सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

## रुकमणी विवाह की कथाएँ सुनने से वैवाहिक सुख की प्राप्ति होती



**बनवार।** जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं। उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। इसलिए अविवाहित युवक व युवतियों को भागवत कथा में कृष्ण व रुक्मणी के विवाह की कथा अवश्य सुनना चाहिए। यह उपदेश बम्होरी कालोनी मुहल्ले में चल रहीं श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक अरविंद व्यास श्रद्धालुओं को दे रहे थे। श्री कृष्ण-रुक्मणी के विवाह के प्रसंग के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर विवाह के मंगल गीत गाए। भागवताचार्य ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की कई लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थीं। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मणी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेश वाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया।

## 0 से 30 प्रतिशत परिणाम वाली शालाओं में पेरेंट-टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया जाये-कलेक्टर

### कक्षा 5 वीं और कक्षा 8 वीं में 0 से 30 प्रतिशत परीक्षा परिणाम की समीक्षा बैठक सम्पन्न, दिए गये अहम दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कक्षा 5 वीं और कक्षा 8 वीं में 0 से 30 प्रतिशत परीक्षा परिणाम स्कूल वाले प्रधान पाठकों की आयोजित बैठक में कहा कि परीक्षा परिणाम संतोषप्रद नहीं हैं। इन सभी छात्रों को द्वितीय अवसर का अध्यापन कार्य अच्छे से कराया जाए। उन्होंने कहा किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी शालाओं में बेहतर परीक्षा परिणाम आये, ऐसा प्रयास किया जाना चाहिए। आयोजित बैठक में जिला परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार द्विवेदी विशेष रूप से मौजूद रहे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सभी प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में निर्देशानुसार कार्य प्रारंभ करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा जो शिक्षा का अच्छा कार्य करेंगे उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा और जो कार्य नहीं करेंगे दंड के भागीदार होंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा 01 जून 2024 से सभी शिक्षकों की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से ली जायेगी, इसकी तैयारी हेतु जिला परियोजना समन्वय कार्यवाही करेंगे। साथ ही सभी शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचे और समय के पश्चात ही शाला बंद की जाए। उन्होंने कहा ऐसी समस्त शालायें जिनका परीक्षा परिणाम 0 से 30 प्रतिशत रहा हैं ऐसे शालाओं में पेरेंट-टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया जाये, जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों के द्वारा मॉनीटरिंग की जाये। बैठक में पालकों को छात्रों की प्रगति से अवगत कराया जाये और पालकों से उनके सुझावों को नोट किया जाये। जिन शालाओं का परीक्षा परिणाम अच्छा नहीं रहा है ऐसे शालाओं के शिक्षकों के एक टेस्ट का आयोजन किया जाये, जिसकी तैयार की जाये, जो शिक्षक इस टेस्ट में उत्तीर्ण नहीं होगें उनकों शासन के निर्देशानुसार 20 वर्ष की सेवा एवं 50 वर्ष की आयु के नियमानुसार सेवाओं से मुक्त किया जायेगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा शालाओं में पदस्थ समस्त शिक्षकों को शाला में उपस्थित रहकर छात्रों को अध्यापन कार्य कराना होगा, यदि कोई भी अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही करता है, तो निश्चित ही अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती कल मनाई जायेगी

**दमोह।** जिला राजपूत क्षत्रिय महासभा दमोह द्वारा आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 09 जून 2024 दिन रविवार को राजपूत समाज के पुरोधर वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जावेंगी, जिसमें वाहन रैली सायं 5:00 बजे न्यू-कलेक्टेट के सामने स्थित वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की प्रतिमा से प्रारंभ होकर घंटाघर चौराहा, अस्पताल चौराहा, कोतवाली चौराहा, जटाशंकर चौराहा से महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन में समापन होगी, इसके पश्चात मंचासीन कार्यक्रम मुख्यअतिथि, विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया जावेंगा, साथ ही क्षत्रिय समाज के मेधावी छात्र जिन्होंने कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये है, उन्हें स्व.हरि सिंह एवं श्रीमति श्याम बाई हजारी की स्मृति में छात्रों को मुख्यअतिथि, विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में सम्मानित किया जावेंगा, विगत वर्ष 2023 में महाराणा प्रताप जयंती के बाद म.प्र.शिक्षा बोर्ड कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं का रिजल्ट आने के कारण समाज के मेधावी छात्रों को इस वर्ष सम्मानित किया जावेंगा जिसमें कक्षा 10 वीं के मेधावी छात्र अनुराग सिंह नंदवानी पिता महेन्द्र सिंह माता संगीता नंदवानी 97 प्रतिशत, कुमारी माही राजपूत पिता हरिप्रताप सिंह माता पूजा राजपूत 95.6 प्रतिशत, संस्कार सिंह परिहार पिता ज्ञानेन्द्र सिंह माता गीता परिहार 90.04 प्रतिशत, कुमारी बरखा राजपूत पिता पूरन सिंह माता लक्ष्मी राजपूत 81 प्रतिशत, देवांश सिंह कुशवाहा पिता हेमराज सिंह माता सीता कुशवाहा 80 प्रतिशत कक्षा 12 वीं के मेधावी छात्र कुमारी अयूसी राजपूत पिता अजय सिंह माता कृष्णा राजपूत 94 प्रतिशत, कुमारी अंचल तोमर पिता नरेन्द्र सिंह माता मीना तोमर 93.02 प्रतिशत, कुमारी हिमान्शी राजपूत पिता मंगल सिंह माता मनोरमा 93.02 प्रतिशत, आदित्य सिंह ठाकुर पिता भूपेन्द्र सिंह माता कविता राजपूत 88.02 प्रतिशत, उदय सिंह राजपूत पिता मोहन सिंह माता रामकली राजपूत 87.08 प्रतिशत, कुमारी राधिका परिहार पिता योगेन्द्र सिंह माता राजेश्वरी 87 प्रतिशत कुमारी शिक्षा परिहार पिता ज्ञानेन्द्र सिंह माता गीता परिहार 85.08 प्रतिशत, कुमारी सखी राजपूत पिता अनिरूद्ध सिंह माता सुलेखा 84.08 प्रतिशत, शशिकांत सिंह राजपूत पिता सागर सिंह माता सरिता राजपूत 84.00 प्रतिशत, कुमारी शिवाली राजपूत पिता धमेन्द्र सिंह माता रानू राजपूत 83.06 प्रतिशत, कुमारी यशस्वी चौहान पिता तिलक सिंह माता रानी सिंह 83.04 प्रतिशत, कुमारी शालू चौहान पिता सुरेन्द्र सिंह माता रश्मि 82.02 प्रतिशत,खुशवंत सिंह राजपूत पिता मंगल सिंह माता मनोरमा 81.08 प्रतिशत, रवि सिंह राजपूत पिता कल्याण सिंह माता विजयारानी 80 प्रतिशत इसके साथ ही इस वर्ष 2024 में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं का रिजल्ट आ चुका है, समाज के ऐसे मेधावी छात्र जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12 वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये हो उन्हें भी कार्यक्रम में सम्मानित किया जावेंगा, अतः ऐसे मेधावी छात्र अपनी अंक सूची राकेश सिंह हजारी, जिला अध्यक्ष, लक्ष्मण सिंह राजपूत वरि. उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह परिहार महामंत्री, श्रीराम सिंह राजपूत कार्यालय मंत्री, बबलू ठाकुर नगर अध्यक्ष, त्रिवेन्द्र सिंह राजपूत जिला युवा अध्यक्ष के पास दिनांक 31 मई 2024 तक अनिवार्य रूप से जमा करने का अनुरोध किया गया है, निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाली अंक सूची पर विचार नहीं किया जावेंगा ।

# गर्भावस्था के दौरान देखभाल के संबंध में दी गई जानकारी

**दमोह।** हटा ब्लॉक अंतर्गत जिले के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर उपस्वास्थ्य केंद्र विनती में आयोजित सास-बहु सम्मलेन एवं ग्राम कांटी में पुरूष सहभागिता सम्मेलन में पुरूष जागरूकता रथ पहुँचा। ग्राम विनती में मौजूद सास-बहु, गर्भवती, धात्री महिलाओं के साथ उपस्थित सेवा प्रदाताओं ने रथ की अगवानी की। परिवार नियोजन संबंधी दिये जा रहे संदेश को सुना। इस दौरान गुब्बारा खेल के जरिए छोटे परिवार के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। जबकि ग्राम कांटी में आयोजित पुरूष सहभागिता सम्मेलन में सी.एच.ओ. वीरेन्द्र अग्रवाल, ए.एन.एम. सावित्री गौड ने बिना चीरा, बिना टांका पुरूष नसबंदी एन.एस.व्ही. के बारे में जागरूक किया। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर उपस्वास्थ्य केंद्र विनती में बी.ई.ई. अल्का शिवहरे के मार्गदर्शन में आयोजित सास-बहु सम्मेलन में मौजूद ए.एम.ओ. भावना जैन, सी.एच.ओ. नीलू पटेल, ए.एन.एम. विन्नी लाल ने परिवार नियोजन, गर्भावस्था दौरान देखभाल एवं सुरक्षित प्रसव के संबंध में चर्चा की गई। सास-बहु को दो बच्चों में अतंर रखने में उपयोगी अस्थाई परिवार नियोजन साधनों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। सम्मेलन में ग्राम के छः परिवारों की सास-बहु, आशा सुपरवाईजर कविता राजपूत व सरोज साहू मौजूद रही।

## रास का मतलब है आनंद और आनंद का मतलब है श्रीकृष्ण : कथावाचक



**बनवार।** रुक्मणी विवाह के प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखद रहता है। रासलीला की कथा की प्रसंग सुनाते हुए कथावाचक पंडित उमाशंकर शास्त्री ने आगे कहा कि वास्तव में रास का मतलब है आनंद और आनंद का मतलब है श्रीकृष्ण। गोपियां जीवात्मा हैं। भगवान परमात्मा हैं रासलीला भागवत का प्राण है ग्राम गाड़ाघाट में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा प्रवक्ता पंडित उमाशंकर शास्त्री ने कही भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है लेकिन वह भगवान को पराजित नही कर पाया उसे ही परास्त होना पड़ा है रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है गोपी गीत पर बोलते हुए व्यास ने कहा जब तब जीव में अभिमान आता है भगवान उनसे दूर हो जाता है लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वत ही प्राप्त हो जाती है। श्रीकृष्ण भगवान व रुक्मणि के अतिरिक्त अन्य विवाहों का भी वर्णन किया गया।

## गुरु की कृपा वरदान हुआ करती है: मुनि श्री आगमसागर जी



**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र जैन तीर्थ कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से मुनिश्री आगम सागर जी महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा गुरुवर का आदेश हुआ उद्बोधन के लिए गुरु की कृपा वरदान हुआ करती है ।उनकी कृपा से सांसारिक सुख के साथ-साथ आत्मिक सुख की प्राप्ति होते हुए भव्य जीव के लिए निर्वाण की अवस्था उपलब्ध होती है ।यह सब गुरु की कृपा से ही संभव होता है। जिनके हृदय में गुरु बसे होते हैं उन्हें संसार में कोई चीज दुर्लभ नहीं होती सब चीज सुलभ होती चली जाती है गुरु की भक्ति हमने आगम ग्रंथो से जाना है ।गुरु की भक्ति अच्छी तो तीर्थंकर प्रकृति का बंध करती है। वह तीर्थंकर प्रकृति जो तीनों लोकों में डंका बजाती है संसार में परोपकार का कार्य करते वह तीर्थंकर प्रकृति वाले महापुरुष होते हैं ।देश पृथ्वी पर अपनी आत्मा की उन्नति के साथ-साथ असंख्यात जीवन को मोक्ष मार्ग पर लगा देते हैं ।ऐसी तीर्थंकर प्रकृति का बंध गुरु भक्ति से हुआ करता है ।जिन्होंने गुरु भक्ति से प्रेरित होकर गुरुओं की पूजन भक्ति की है बे महान पुण्य कमाते हुए अपने जीवन को सफल करते हुए अपनी आत्मा की उन्नति की ओर जाते हैं ।हमारे गुरुवर विद्यासागर जी महाराज अपने गुरु के अनन्य भक्त थे जीवन के अंतिम समय तक उन्होंने उनकी चर्या को निभाया और अपनी वाणी को संयमित करके रखा इस प्रकार से अपने जीवन में जितनी भी ऊंचाइयों को पाया सबका श्रेय स्वयं करते हुए भी सदा यही वार्तालाप करते रहे गुरु की कृपा से सब हो रहा है ।उनकी उन वार्तालाप को सुनकर वार्ता को सुनकर मन करता है कि गुरुवर विद्यासागर जी महाराज कृतित्व व्यक्तित्व से ऊपर उठकर अपनी आत्मा की उन्नति करते हुए सिद्धालय को प्राप्त करने के लिए इस काली काल में भी महान कठिन चर्या को संपन्न करके गए हैं ।उनके स्थान पर वर्तमान आचार्य समय सागर महाराज ज्ञान ,ध्यान, तप में रहने वाले धैर्य की मूरत है ।अभी तक हमने धैर्य को पुस्तक में पढ़ा था ।लेकिन वर्तमान परिपेक्ष में जब से आचार्य समय सागर महाराज आचार्य पद पर बैठे हैं।कैसा उनका धैर्य है यह उनके चरण सानिध्य में रहकर पढ़ रहा हूं अभी तक पुस्तक का लिखा लिखा साक्षात महसूस कर रहा हूं। जीवन में गजब का धैर्य है। प्रभु से प्रार्थना कर रहा हूं यदि उनके जीवन का शतांश भी धैर्य जीवन में आ जाए तो मेरा उद्धार हो जाए इस कली काल में भी। एक छोटा सा प्रसंग गुरु मुख से सुनने मिला था आपके सामने रख रहा हूं। सागर के पंचकल्याणक के समय गुरुवर का बहुत योगदान रहा था सागर के अमरनाथ जी का बहुत सहयोग रहा एक बार अमरनाथ जी ने आचार्य महाराज के प्रवचन के पूर्व एक दृष्टांत के माध्यम से रखा था उस दृष्टांत को सुनकर आचार्य महाराज की अच्छी मुस्कान आई थी। मैं उस दृष्टांत को सुन रहा था और आचार्य महाराज की भाव-भंगिमा को पढ़ रहा था लगा गुरु जी को यह दृष्टांत अच्छा लगा है मुझे भी बहुत अच्छा लगा । यह दृष्टांत सुनकर मुझे लगा मुझे भी ऐसा ही बनना है गुरु के चरणों में। वह बात क्या थी आपके सामने रखता हूं एक भटकता हुआ नौजवान एक गुरु जी के पास में पहुंचा बोला अपनी शरण में रख लो। गुरुदेव वृद्ध थे उन्हें भी लग रहा था जो हमारे पास है वह किसी को दे जाऊं प्राय करके गृहस्थ जीवन में ऐसा होता है जब गृहस्थ वृद्ध हो जाता है घर गृहस्थी को छोड़ने का मन बनाता है। तो वहअपनी संपत्ति पुत्र पुत्री में वांट देता है जो कुछ देना होता है देकर सोचता है मैं निर्विकल्प हो गया आप चैन से मर सकूंगा। वे ज्ञानी थे कोई योग्य शिष्य मिला नहीं जिसको सौंप देते ।वह तरुण आया उसमें क्षमता थी योग्यता थी उसे ही सौंप दिया । वह शिष्य गुरु के चरणों में रहता ।सुबह शाम सेवा भक्ति करता है उन्होंने सोचा जिसको मैंने सब कुछ सोंपा वह कुछ दिन में मरने वाला है गुरु को चिंता हो गई अब मैं भी जाने वाला हूं शिष्य भी जाने वाला है अब मेरे पास इतना समय नहीं दूसरे को शिष्य तैयार कर सकूं। मेरे द्वारा दिया गया ज्ञान व्यर्थ चला जाएगा ।गुरु कितने उदार होते हैं इसको जो ज्ञान बांटा है इसकी जिंदगी कम नहीं होनी चाहिए। यह परोपकार में लगा है। गुरु ने निश्चय किया मैंने जान तो लिया है यह अमावस की रात को मरेगा लेकिन मैं भरसक प्रयत्न करूंगा यह मरने ना पाए। गुरु शिष्य आजू-बाजू में सोते रहते हैं दैनिक कार्यक्रम चलते रहते है ।गुरु ने अवगत नहीं कराया बेटा तेरी उम्र कम है धीरे-धीरे वह अमावस की काली रात आ गई गुरु शिष्य दोनों आजू-बाजू में सो गए ।वह शिष्य को मारने वाला आता है गुरु कहते हैं ठहर जा ठहर जा मुझे मालूम है तुम क्यों आए सामने वाला कहता है मुझे मेरा काम करने दो ।गुरु कहते हैं नहीं तुम जिसे मारने आए हो वह मेरा शिष्य है मैं अपने सामने शिष्य को मरता हुआ नहीं देख सकता। देखो यह हमारा दुश्मन है इसने ऐसा ऐसा किया था मैं इसे मार कर जाऊंगा ।गुरु ने कहा हम मानते हैं शिष्य ने तुम्हारा कुछ बिगाड़ किया होगा ।लेकिन मैंने इस ज्ञान देकर सजाया संवारा है यह दुनिया में आगे जाकर बहुत परोपकार करेगा इसकी जान मत लो इसके बदले में मेरी जान ले लो। मैं कितने दिन का मेहमान हूं गुरु कहता है सामने वाला जो मारने वाला था वह काला नाग था वह कहता है मैं तो इसे डस करके ही जाऊंगा। आज मैं बलवान हूं इसे दबाकर ही जाऊंगा। गुरु ने बहुत समझाया ।इस बदले के रास्ते से शांति नहीं होगी तुम शांति का रास्ता अख्तियार करो। जिसके मन में बदले की भावना होती वह शांति का रास्ता नहीं अख्तियार कर सकता। वह तो सोचता बदला लेकर ही शांति मिलेगी ।दोनों के बीच बहुत देर तक चर्चा चलती रही। गुरु कहता प्राण दान दे दो वह कहता प्राण लेकर ही जाऊंगा। कहां मिलेंगे ऐसे गुरु जो अपना जीवन देकर शिष्यों को सजाया संवारना चाहते हैं इस काली काल में तो ऐसे शिष्य मिल जाएंगे जो गुरु पर प्रहार कर बैठते जीवन लीला समाप्त कर बैठते ।

# कलेक्टर ने गौवंश के व्यवस्थापन के संबंध में दिए निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने म.प्र. गौ संवर्धन बोर्ड के निर्देशानुसार सड़कों पर विचरण करते गौवंश को मुख्यमंत्री गौसेवा योजना अंतर्गत मनरेगा के माध्यम से निर्मित गौशालाओं में व्यवस्थापन करने के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकायों के सीएमओ और विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी व पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा है। जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर निर्मित 100 गौवंश क्षमता की गौशालाओं का संचालन वर्तमान में ग्राम पंचायत अथवा आजीविका मिशन के स्वसहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि विकासखण्ड स्तर पर संचालित निर्धारित क्षमता से कम गौवंश वाली गौशालाओं में सड़कों पर विचरण करते गौवंश का व्यवस्थापन कराया जाए। गौवंश के व्यवस्थापन से आवागमन में बाधा की संभावना समाप्त होगी। साथ ही आश्रयविहीन गौवंश के सड़कों पर विचरण करने से दुर्घटना की संभावना पर भी रोकथाम लगेगी। वर्तमान में जिले के पन्ना विकासखण्ड अंतर्गत श्री राधाकृष्ण गौ समिति बड़ागांव में 50 एवं कृष्णा गौ समिति राजापुर में 40, गुनौर विकासखण्ड अंतर्गत देव गौरी गौशाला सिरी में 52, गौशाला ग्राम पंचायत कोट में 49 एवं गौशाला ग्राम पंचायत सुगरहा में 30 तथा पवई विकासखण्ड अंतर्गत सुरभि गौशाला समिति मोहन्द्रा में 19, कान्हा गौशाला समिति कल्दा व मां दानदाई गौशाला ग्राम पंचायत कोठी में 48-48 गौवंश का व्यवस्थापन किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### रूक जाना नहीं योजनांतर्गत पंजीयन की अंतिम तिथि अब 8 मई

**दमोह।** जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा ने बताया रूक जाना नहीं योजनांतर्गत पंजीयन की अंतिम तिथि 08 मई तक वृद्धि की गई हैं। उन्होंने समस्त विद्यालय के प्राचार्यो से समय में वृद्धि का लाभ अधिक से अधिक छात्रों को प्रदाय कर, पंजीयन कराने आग्रह किया हैं। उन्होंने कहा समस्त बीइओ/प्राचार्य सुनिश्चित करे कि जिन विद्यालय की पंजीयन की प्रगति संतोषजनक नहीं है, उनका पंजीयन यथाशीघ्र कराए। ज्ञात हो कि पूर्व में अंतिम तिथि 06 मई 2024 थी।

### माध्यमिक शिक्षक निलंबित

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सहायक रिटर्निंग आफीसर लोकसभा निर्वाचन 2024 विधानसभा क्षेत्र 54 पथरिया के प्रतिवेदन के आधार पर मतदान केंद्र क्रमांक 262 खौजाखेड़ी तहसील पथरिया में मतदान के दौरान नियुक्त पीठासीन अधिकारी एवं माध्यमिक शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आंवरी संकुल केंद्र शासकीय सरदार पटैल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह पवन कुमार खरे को मतदान केंद्र के भीतर स्वयं के फोटो लिये जाने तथा सोशल मीडिया पर वायरल किये जाने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया दिया है। निलंबन की अवधि में श्री खरे का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दमोह निर्धारित किया गया हैं एवं निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### पिछले साल बना दमोह पथरिया सड़क मार्ग पर थैगडे लगें

**पथरिया।** विगत वर्ष विरागोदय महामहोत्सव के समय एमपीआरडीसी के पथरिया दमोह सड़क मार्ग पर डामरीकरण किया गया था लेकिन सोचने वाली बात है कि जगह जगह धस गया जिससे कई गड्ढे हो गये थे जिस पर दो दिन पहले जहां जहां सड़क पर धस गई थी वही वही खुदाई करके मंगलवार से डामरीकरण करके थैगडें लगाने का काम ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है।

### बिना बेस बनाए किया जा रहा डामरीकरण

**पथरिया।** विधानसभा चुनाव के आखिर में पथरिया विधानसभा क्षेत्र के मंडी बोर्ड की सड़कों का मरम्मत कार्य की स्वीकृति दी गई लेकिन विभाग ने पहले जो मंडी बोर्ड की सड़क थी उसका नाम प्रधानमंत्री सड़क योजना में तब्दील कर दिया गया जिससे अब सभी सड़कें प्रधानमंत्री सड़क मार्ग के बोर्ड लगाए गए हैं वही जिन ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है उनके द्वारा बिना बेस डाले मुरमीकरण करके थोड़ी बहुत गिट्टी डालकर डामरीकरण किया जा रहा है जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि उक्त सड़कों का गुणवत्तापूर्ण कार्य हो सकें।

गुरूनानक सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल पर 50 हजार और सोफिया स्कूल पर 35 हजार का अर्थदण्ड अधिरोपित

# शिकायतें मिलने पर दो स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई, लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शहर के स्कूलों की फीस, पुस्तके व गणवेश आदि को लेकर मनमानी को रोकने कलेक्टर द्वारा गठित टीम ने दो स्कूलों पर कार्यवाही की है। इनमें शहर के गुरूनानक सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल जबलपुर नाका दमोह पर 50 हजार रूपये तथा सोफिया स्कूल किल्लाई नाका दमोह पर 35 हजार रूपये के अर्थदंड अधिरोपित किए गए हैं।




कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया राज्य शासन द्वारा निजी विद्यालयों के माध्यम से दी जाने वाली फीस और अन्य अतिरिक्त शिक्षण सामग्रियों के संबंध में रेगुलेशन के लिए एक कानून बनाया गया है और उसके अंतर्गत नियम बनाए गए हैं। इन नियमों का उद्देश्य यह है कि अभिभावकों और विद्यार्थियों को फीस में अत्याधिक वृद्धि, बेतहाशा या बिना किसी वैज्ञानिक आधार के की गई वृद्धि से बचाया जा सके, उनको संरक्षित किया जा सके और किसी एक विशेष विक्रेता, विशेष दुकान या किसी एक विशेष संस्थान से यूनिफॉर्म, स्टेशनरी या पाठ्य सामग्री खरीदने पर उनको बाध्य न होना पड़े।

कलेक्टर श्री कोचर ने बताया इन नियमों के परिपालन के लिए जिला स्तर पर एक जांच समिति का गठन किया गया, जांच समिति के समक्ष जो शिकायतें प्राप्त हुई थी, उन शिकायतों के विश्लेषण और समग्र जांच के उपरांत दो और स्कूलों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है, जिसमें गुरु नानक सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल जबलपुर नाका दमोह और सोफिया स्कूल दमोह शामिल है। गुरूनानक सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल जबलपुर नाका दमोह पर 50 हजार रूपये तथा सोफिया स्कूल किल्लाई नाका दमोह पर 35 हजार रूपये के अर्थदंड अधिरोपित किए गए हैं। इनमें जो शिकायतें प्राप्त हुई, शिकायत के बिंदुओं में से अधिकांश बिंदुओं का उत्तर समाधान कारक नहीं पाया गया है। इसी आरोप में उनके खिलाफ यह कार्यवाही की गई है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल पर भी 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया।

जारी आदेश में कहा गया है कि अधिरोपित अर्थदण्ड की राशि आयुक्त लोक शिक्षण की अधिकारिक बेवसाईट http://dpimp.in/ के माध्यम से ऑनलाइन अथवा ओटीसी (ओवर द कॉउंटर) चालान के माध्यम से आदेश प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर जमा कर जिला शिक्षा अधिकारी को राशीद की प्रति उपलब्ध कराई जाये।

## आंजनी खरीदी केंद्र प्रभारी सहित अन्य कर्मचारियों के 10 दिवस के वेतन की कटौती के आदेश जारी

सर्वेयर की सेवाएं उपार्जन कार्य में नहीं लिए जाने आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सहायक आयुक्त सहकारिता एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी दमोह द्वारा सेवा सहकारी समिति आंजनी द्वारा संचालित गेहूँ एवं चना, मसूर, सरसों खरीदी केंद्र स्थल नायक वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि गेंहू उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति आंजनी स्थान नायक वेयरहाउस आंजनी खरीदी केंद्र प्रभारी (चना, मसूर, सरसों) मुकेश उदेनिया, खरीदी केंद्र प्रभारी (गेहूँ) जितेंद्र देवलिया, गेहूँ खरीदी सर्वेयर (समिति स्तरीय) वेदांत अवस्थी, गेहँ खरीदी सर्वेयर (गोदाम स्तरीय) भूपेंद्र यादव, चना, मसूर, सरसों सर्वेयर प्रणय रंगडाले एवं समिति प्रबंधक प्रकाश असाटी के द्वारा कृषकों की समय पर तौल न कराये जाने एवं खरीदी केंद्र पर समय पर उपस्थित नहीं होना एवं उपार्जन केंद्र पर कृषकों के लिये पर्याप्त व्यवस्थायें न होना जो उपार्जन नीति स्पष्ट उल्लंघन है। साथ ही नायक वेयरहाउस आंजनी के संचालक द्वारा उपार्जन केंद्र पर कृषकों के लिये छाया एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई, जोकि गोदाम स्तर पर उपार्जन हेतु त्रिपक्षीय अनुबंध का उल्लंघन है।

उक्त के संबंध में अपर कलेक्टर मीना मसराम द्वारा आदेश जारी कर नायक वेयरहाउस आंजनी खरीदी केंद्र प्रभारी (चना, मसूर, सरसों) मुकेश उदेनिया (मूल पद विक्रेता शा.उ.मू. दुकान), खरीदी केंद्र प्रभारी (गेहूँ) जितेंद्र देवलिया (मूल पद विक्रेता शा.उ.मू. दुकान) को दोषी पाये जाने के आरोप में 10 दिवस के वेतन की कटौती के आदेश उपायुक्त सहकारिता को दिये गये एवं समिति प्रबंधक प्रकाश असाटी को भी दोषी पाये जाने के आरोप में 10 दिवस के वेतन की कटौती के आदेश महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दमोह को दिये गये, साथ ही सर्वेयर (चना, मसूर, सरसों) प्रणय राहंगडाले (एन.सी.एम.एल.) एवं गेहूँ उपार्जन सर्वेयर (समिति स्तरीय) वेदांत अवस्थी एवं गेहूँ उपार्जन सर्वेयर (गोदाम स्तरीय) भूपेंद्र यादव (आर.बी. एसोसिएट) की सेवायें उपार्जन कार्य पर नहीं लिये जाने के आदेश पारित किया गया।

## गोदाम संचालक नायक वेयर हाउस आंजनी को कारण बताओ नोटिस जारी

**दमोह।** गोदाम संचालक नायक वेयरहाउस आंजनी को जिला प्रबंधक मध्य प्रदेश वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के माध्यम से कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है और उन्हें तीन दिवस में अपना उत्तर समक्ष में उपस्थित होकर लिखित देने के निर्देश दिए गए हैं। अपर कलेक्टर द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि क्यों ना नायक वेयरहाऊस पर संचालित उपार्जन केन्द्र का संचालन बंद किया जाये, उपार्जन हेतु अनुबंध अनुरूप दायित्वों के निर्वहन हेतु देय कमीशन पर रोक लगाई जाये। जारी पत्र में कहा गया है समय अवधि में समाधान कारक उत्तर प्राप्त नहीं होने की दशा में एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी, इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। पत्र में यह भी कहा गया है खरीदी केंद्र पर पर्याप्त छाया एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है जो की अनुबंध का उल्लंघन है।

## सफलता पाने की विधि कष्ट साध्य होती है : मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के नवनिर्मित तीर्थ श्री पारस धाम बांदकपुर में विराजमान पूज्य निर्यापक पुंगवमुनि मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज ने अपनी मंगल प्रवचनों में कहा कि हर व्यक्ति अपने कार्य में सफलता पाना चाहता है। जीवन को सफल बनाना चाहता है। वह जो कुछ भी करें उसमें सफलता प्राप्त हो। ये भावना तो सभी की होती है लेकिन सफलता पाने के जो सूत्र हैं मंत्र हैं उनकी साधना नहीं करता। सफलता पाने के रास्ते हैं पर उन पर नहीं चलता। क्योंकि सफलता पाने की विधि कष्ट साध्य होती है। रास्तों पर चलना संकटों का बहुत बड़ा भय रहता है। इसलिए हर व्यक्ति आज के समय में जुआ खेलना चाहता है बिना मेहनत के पूंजी कमाना चाहता है। धन बुरा नहीं है। धन यदि विधिपूर्वक कमाया जाए तो विधिपूर्वक कोई भी क्रिया की जाए तो जैनाचार्य यो ने मना नहीं किया है। उन्होंने कहा चाणक्य नीति में जब तुम्हें कोई कार्य अच्छा ना लगे तो तुम एक ही विचार करना ये कार्य का उपदेश देने वाला कौन है। वह कैसा है यदि वह खोटा है तो जरूर खोटी बात है। चोखे व्यक्ति से कभी खोटा कार्य हो ही नहीं सकता। हमें दिख रहा है कि यह गलत है लेकिन करने वाला गलत नहीं है तो कार्य गलत नहीं हो सकता। तो यहां से शुरू होता है चमत्कार अतिशय। अच्छा आदमी अच्छा कार्य कर रहा है तो यह कोई चमत्कार का कार्य नहीं है। लेकिन कभी तुम्हारा मन कहे की क्रिया तो अच्छी नहीं है लेकिन महाराज तो सौ टका के है तो मेरे अंदर की आवाज कह रही है कि मेरा गुरु तो ठीक है तो उसका कार्य गलत हो भी नहीं सकता। वक्त की प्रमाणिकता यदि तुम्हारे पास है तो वचनों की प्रमाणिकता जानने की जरूरत ही नहीं है। इससे पहले पारस धाम में विराजमान अस्थाई वेदी में विराजमान भगवान कीआज प्रथम दिवस के शांति धारा करने का सौभाग्य बाहर से आए भक्तों को बोली के माध्यम से प्राप्त हुआ। आज गुरु जी के आहार अनिल कुमार आकाश अमन डबुल्या के चौके में हुए। शाम को पूज्य श्री मुनि का बिहार दमोह नगर की ओर हुआ। कल की आहारचर्या दमोह में होगी। मुनि श्री का रात्रि विश्राम ग्राम आनु के प्राथमिक शाला स्कूल में हुआ।

## खेल मैदान बना शराबियों का अड्डा

शराब दुकान हटाने ग्राम वासियों ने एसडीएम को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

तेंदूखेड़ा जनपद के ग्राम झलौन मे तारादेही रोड पर ग्राम पंचायत ने करीब 12 लाख रूपये की लागत से एक खेल मैदान बनवाया था जिसमे गांव के बच्चे अपनी खेल प्रतिभा को निखारते है। इस खेल मैदान के सामने शासकीय शराब दुकान बनी हुई है जिससे लोग शराब लेकर इस खेल मैदान मे मध्य रात्रि तक बैठ कर पीते रहते है और खाली शराब की बोतले वही पड़ी रहती है। मैदान मे कांच के टुकड़े बिखरे पड़े रहते है जिस कारण से बच्चे खेलते समय घायल हो रहे है। खेल मैदान के बाजू से सरकारी अस्पताल बन गया है जिसका उद्घाटन बहुत जल्द होगा। इस कारण इस तरह शराबीयो से अस्पताल मे भी परेशानी होंगी। इसलिए समस्त ग्रामीणों ने अपने गाँव झलौन की बेहतरी के लिए झलौन की शासकीय शराब दुकान कही ओर शिफ्ट करने की मांग करते हुए अनुविभागीय अधिकारी तेंदूखेड़ा को आवेदन दिया है।



### निर्यापक मुनि श्री योग सागर जी महाराज, निर्यापक मुनि श्री नियम सागर जी महाराज का मुनि दीक्षा दिवस आज मनाया जायेगा

**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर की पावन धरा पर परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के चतुर्विध संघ के मंगल सानिध्य में परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री योग सागर जी महाराज एवं निर्यापक श्रमण मुनि श्री नियम सागर जी महाराज का 45 वां मुनि दीक्षा दिवस 8 मई 2024 को अत्यंत धूमधाम से मनाया जाएगा। निर्यापक श्रमण मुनि श्री योग सागर जी महाराज एवं निर्यापक श्रमण मुनि श्री नियम सागर जी महाराज की मुनि दीक्षा वैशाख कृष्ण अमावस्या सन 1980 में मोराजी सागर में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के करकमलों से हुई थी। इस अवसर पर प्रात 6:30 बजे भक्तांमर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक ,शांति धारा, पूजन, विधान होगा। सुबह 8:00 बजे से ज्ञान साधना केंद्र परिसर में मुनि दीक्षा दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंगलाचरण ,चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन ,आचार्य श्री की पूजन ,आचार्य श्री समय सागर जी महाराज की पूजन, शास्त्र भेंट एवं मुनि श्री के मंगल प्रवचन होंगे , आहारचर्या होगी। सांयकाल पूज्य बड़े बाबा मंदिर में भक्तांमर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महा आरती होगी।

## टीम की रोक के बावजूद किया बाल विवाह, परिजनों पर हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह जिले अंतर्गत परियोजना पथरिया अंतर्गत पंचायत-बासाकलां के ग्राम-बांसाकलां में 22 अप्रैल 2024 को नाबालिग के बाल विवाह होने की सूचना महिला एवं बाल विकास विभाग को प्राप्त हुई। तत्पश्चात विभाग से बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी पथरिया राजकुमार लडिया, पुलिस अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक सुनीता भोजक एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह द्वारा 22 अप्रैल 2024 को संबंधित के घर उपस्थित हो कर बालिका की आयु का परीक्षण किया गया, जिसमें बालिका की आयु जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर 25 जनवरी 2009 के अनुसार लगभग 16 वर्ष होना पाया गया था।

बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण न होने पर नाबालिग की श्रेणी में आने के कारण बालिका के माता-पिता एवं स्वय बालिका को विवाह न करने की समझाईश दी गई, जिसके उपरांत बालिका व उसके माता-पिता द्वारा समक्ष में स्वीकार किया गया कि विवाह 18 वर्ष आयु पूर्ण होने के पश्चात करेंगे एवं कथन प्रस्तुत किये जाकर पंचनामा पर हस्ताक्षर किये गये थे। 30 अप्रैल 2024 को पुनः नाबालिग बालिका के विवाह हो जाने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित करते हुये जिला स्तपरीय जॉच दल का गठन किया गया। तत्संबंध में संबंधित के निवास ग्राम बांसाकला में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी पथरिया राजकुमार लडिया, संरक्षण अधिकारी अनंतराम कुर्मी एवं काउंसलर अर्चना पटेल पुलिस विभाग अधिकारियों के साथ पहुंचे। स्थल पर संबंधित के बड़े भाई मिले एवं उनसे ली गई जानकारी के अनुसार संबंधित, उनकी पत्नि व पुत्री को सागर जाना बतलाया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि बालिका की शादी नहीं की गई है। स्थल पर पंचनामा व आस पास निवासरत उपस्थित व्यक्तियो के कथन लिए गये। तत् पश्चात ऐसी सूचना प्राप्ता हुई कि बालिका का विवाह उनके घर ग्राम बांसाकलां से न कर ग्राम पिपरिया चंपत के निवासी बालक के साथ मंदिर पिपरिया चंपत के पास से 22 अप्रैल 2024 की रात्रि में कर दिया गया है। जिस पर महिला एवं बाल विकास एवं पुलिस चौकी नरसिंहगढ़ के साथ बालक के घर पहुंचे तो शादी किये जाने के साक्ष्य स्पष्ट प्रतीत हुए, इस पर घर में उपस्थित बालक की माता एवं बहिन के कथन लिए गये, कथन में दोनों ने स्वीकार किया कि शादी की समस्त रस्में पूर्ण की जा कर बालिका को उसके पिता अपने साथ घर वापिस ले गये। अतः बालिका के पिता, बालिका की माता एवं बालक के पिता, माता व बहिन के द्वारा उक्त विधि विरूद्ध, विवाह में सम्मिलित लोगो के विरूध्द बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और सरक्षण अधिनियम 2015) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधि अनुसार कार्यवाही करने के लिए एफ.आई.आर. की गई है ।

## अभी तक लगभग 600 सीमांकन के आवेदनों का हुआ निराकरण

**दमोह।** जिले में 01 मई से सीमांकन महाअभियान प्रारंभ किया गया है, जिसमें लंबित सीमांकन के आवेदनों का निराकरण मिशन मोड में किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुये कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया अभी तक लगभग 600 सीमांकन के आवेदनों का निराकरण मौके पर करा लिया गया है। उन्होंने बताया टारगेट है कि अगले 01 महीने के भीतर हम लगभग 2 हजार सीमांकन कराने की स्थिति में होंगे, इससे सीमांकन के लंबित पड़े लगभग सारे प्रकरणों का निपटारा हो जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने नागरिकों से आग्रह करते हुये कहा है यदि आपके कोई सीमांकन के प्रकरण लंबित हो तो इसके बारे में जानकारी कलेक्टर कार्यालय को दें, ताकि उनका निराकरण समय-सीमा में कराया जा सके। सीमांकन महाअभियान की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है, उसके पहले हम प्रयास करेंगे की सीमांकन की कार्यवाही पूरी हो जाए।

## तेजगढ़ पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया

**तेजगढ़।** तेजगढ़ थाना पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर तेजगढ़ बस स्टैंड पर चार पहिया व दो पहिया वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान हेलमेट ना पहनने वाले व्यक्तियों को हिदायत दी और गाड़ी के कागजात नहीं होने से पुलिस ने चलानी कार्यवाही की। इस दौरान उपनिरीक्षक संजय सिंह, मुंशी रघुराज सिंह और पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।



## भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म पर झूमे श्रद्धालु





**पटेरा।** पटेरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंवरपुर सरपंच श्रीमति लक्ष्मीरानी पूरन सिंह 'मन्नू राजा' ग्राम पंचायत के ग्राम हरदुआ में हनुमान मंदिर में कथा सुन रहे है। भागवत कथा युवा कथावाचक अमित शुक्ला के मुखारबिन्द से सुनाई जा रही है। मंगलवार को कथा में श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनकर श्रोतागण झूम उठे। कथा का पुण्य लाभ लेने क्षेत्र के प्रमुख जन अधिकारी कर्मचारी व क्षेत्र की जनता बड़ी संख्या में पहुंच रही है। मन्नू राजा के परिजनों ने अधिकाधिक जनों से कथा में पहुंचकर पुण्य लाभ लेने का निवेदन किया।

## विद्यालय में हुआ सम्मान समारोह



**जबेरा।** विद्याभारती सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल जबेरा के पूर्व छात्र भैया आकर्ष मिश्रा सहायक जिला अभियोजन अधिकारी बनने के बाद प्रथम गृह आगमन पर इनका सम्मान सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल जबेरा में चल रहे सरस्वती जनजाति संस्कार केंद्र नवीन एवं पुराने आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के दौरान किया गया। जिसमें सरस्वती जनजाति संस्कार केंद्र के विभाग समन्वयक सुखराम नामदेव , माधव शिक्षा समिति जबेरा अध्यक्ष रूपेश सेन, व्यवस्थापक रवि शंकर बाजपेई, पूर्व व्यवस्थापक चतुर मरावी, विद्यालय प्राचार्य रमेश कुमार साहू, मुन्नालाल सोनी के द्वारा तिलक व श्रीफल से किया गया। इन सभी ने भैया आकर्ष को अपना आशीष प्रदान किया व उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यालय के आचार्य दयाराम रैकवार, चक्रेश सिंह ठाकुर महेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी वर्ग में उपस्थित आचार्य व दीदियों के साथ भैया आकर्ष मिश्रा का वंदन अभिनंदन किया और उनके जीवन से प्रेणना प्राप्त की।

### कृषक प्रशिक्षण शिविर आज

**दमोह।** उप संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया जिले में विकासखण्डवार कृषक प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कृषक प्रशिक्षण शिविर पथरिया में आज 08 मई, बटियागढ़ के ग्राम सिहेरा में 09 मई, हटा के ग्राम मुहरई में 11 मई, पटेरा के ग्राम देवरी रतन में 13 मई, जबेरा के ग्राम सिंग्रामपुर में 14 मई तथा तेन्दूखेड़ा के ग्राम हर्रई पांजी में 15 मई को आयोजित किये जायेंगे।

**नाम संशोधन सूचना**

शपथकर्ता अनिल कुमार जैन पिता स्व. श्री प्रेमचंद जैन निवासी सिविल वार्ड नं 3 शिक्षक कालोनी तहसील व जिला दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मेरे आधार कार्ड, आरसी कार्ड व पेन कार्ड में मेरा नाम अनिल कुमार जैन दर्ज है। जबकि ड्राइविंग लायसेंस क्रमांक (MP34 2015006872) में मेरा नाम अनिल जैन दर्ज है। उक्त दोनो मेरे ही नाम है। अत : मेरे ड्राईविंग लायसेंस में मेरा नाम सुधार कर अनिल कुमार जैन दर्ज हो।

**अनिल कुमार जैन**
**सिविल वार्ड नं 3 दमोह**

**न्यायालय तहसीलदार**
**जबेरा तहसील जबेरा, जिला दमोह**

रा. प्र. क्र......... जबेरा, दिनांक 07.05.2024

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका सीमा साहू पति श्री रविन्द्र कुमार साहू निवासी बम्हौरी सिंगौरगढ़ ग्राम बम्हौरी सिंगौरगढ़ प.ह.नं 50 / 10 रा. नि.मं जबेरा स्थित भूमि खसरा नं. 122/21 रकवा 0.02 हेक्टे. भूमि का विक्रय पत्र के आधार पर अभिलेख दुरूस्त / रकवा सुधार / नक्शा बटांक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि के अभिलेख दुरूस्ती / रकवा सुधार / नक्शा बटांक जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से सात दिनो के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में सुनवाई दिनांक 15.05.2024 तक पेश कर सकता है । समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

इश्तहार आज दिनांक 07.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सुनवाई दिनांक 15.05.2024

सील

तहसीलदार
जबेरा